नोएडा > शनिवार, 30 नवंबर 2019 > मार्गशीर्ष 9 शक संवत 1941 मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्थी विक्रम संवत 2076

YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

पेज 24*> मूल्य 3.50 या 9.00 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

NBT

नवभारत टाइम्स



**Noida Times**

## 'स्कूल में सुहाना लीड रोल में, मैं बैकग्राउंड में होती थी'

www.nbt

COOLWINKS

लाए हैं HAPPYTIMES

इनामों की बारिश हो रही है। रोजाना खेलें हैपी टाइम्स और जीतें ई-बाइक मंथली ड्रॉ में या हर रविवार 12000 टाइम्स पॉइंट्स।

अब हर कोई जीतेगा इनाम। हैपी टाइम्स खेलने वाले हर प्रतिभागी* को मिलेगा `500 का कूलविंक्स वाउचर। हर दिन 2000 विजेता जीतेंगे `1000 (कम से कम 1000 रुपये के खर्च पर) के कूलविंक्स वाउचर्स। अपने पॉइंट्स को बदलें 5X TIMESPOINTS में। इन टाइम्सपॉइंट्स से आप जीत सकते हैं शानदार इनाम।

#HowCoolIsThat नजर को बनाएं दुरुस्त और स्टाइलिश COOLWINKS के साथ

सारे जवाब इसी अंक में ढूंढें प्रतियोगिता सुबह 7 AM से 11 AM तक खुलती है।

*शर्तें लागू: www.nbthappytimes.com

NBT में विज्ञापन देने के लिए 1800 120 5474 पर कॉल करें । अखबार की अपनी कॉपी प्राप्त करने के लिए कॉल करें 1800 1200 004 या जाएं subscribe.timesgroup.com पर

# पैसेंजर के साथ कार्गो व MRO की सुविधा वाला होगा एयरपोर्ट

**70** मिलियन पैसेंजर और 2.6 मिलियन टन कार्गो की होगी एयरपोर्ट की क्षमता

हवाई जहाजों की सर्विस व रिपेयरिंग के लिए यहां बनेगा आधुनिक एमआरओ



दिल्ली-एनसीआर समेत यूपी के 40 जिलों के लोगों को होगा फायदा, एयरपोर्ट तक की मिलेगी कनेक्टिविटी

**महकार भाटी, ग्रेटर नोएडा :** जेवर के पास बनने जा रहे नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट से दिल्ली-एनसीआर के उद्योगों को भी बड़ा फायदा होगा। दरअसल यह एयरपोर्ट पैसेंजर के साथ-साथ कार्गो और एमआरओ के लिए भी बनेगा। इसके चलते लाखों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। एयरपोर्ट का निर्माण 4 चरणों में होगा। पहले फेज में जहां 2023 से 2027 तक 12 मिलियन पैसेंजर उड़ान भरेंगे। वहीं, चौथे फेज के निर्माण के बाद वर्ष 2050 तक 70 मिलियन पैसेंजर यहां से उड़ान भरने लगेंगे। इसके अलावा जेवर एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर के उद्योगों के विकास में भी मील का पत्थर साबित होगा। इस एयरपोर्ट से दिल्ली-एनसीआर के तमाम उद्योगपति कार्गो के जरिए 2.6 मिलियन टन पक्का और कच्चा माल देश-विदेश में आयात और निर्यात कर सकेंगे। इसके साथ ही यहां एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहाल (एमआरओ) भी होगा, जहां हवाई जहाजों की सर्विस और रिपेयरिंग की जाएगी।

### लाखों लोगों के लिए खुलेंगे रोजगार के द्वार

यहां इंटरनैशनल एयरपोर्ट बनने से एक लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसके अलावा यमुना अथॉरिटी एरिया में लगने वाले उद्योगों में भी 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना जताई जा रही है। एयरपोर्ट की निर्माण प्रक्रिया शुरू होने से यमुना सिटी में इंडस्ट्री लगाने के लिए देशी-विदेशी कंपनियों ने इंडस्ट्रियल प्लॉट के लिए अप्लाई करना शुरू कर दिया है। अथॉरिटी लगातार प्लॉटों का आवंटन कर रही है। एयरपोर्ट बनने से यहां होटल, मोटल इंडस्ट्री को भी बढ़ावा मिलेगा। यहां वन स्टार से लेकर सेवन स्टार तक के होटल बनेंगे।

### देश का सबसे बड़ा कार्गो एयरपोर्ट

5 हजार हैक्टेयर जमीन पर बनने वाला जेवर एयरपोर्ट देश का सबसे बडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट होगा। इसे अगले 50 साल तक पैसेंजरों की संख्या और कार्गो की जरूरत का ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। दिल्ली-एनसीआर में तेजी से बढ़ते उद्योग अपना कच्चा व पक्का माल देश-विदेश में हवाई जहाज के जरिए आसानी से भेज सकेंगे। उद्योगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट को 2.6 मिलियन टन कार्गो क्षमता वाला बनाया जाएगा।

### देश का पहला एमआरओ

हवाई जहाजों के मेंटेनेंस के लिए अब विदेश नहीं जाना पड़ेगा। यहां हवाई जहाजों की सर्विस और रिपेयरिंग आदि की सुविधा भी होगी। इसके लिए यहां देश का पहला एमआरओ बनाया जाएगा। अभी तक हवाई जहाजों को रिपेयरिंग कराने के लिए श्रीलंका के कोलंबो जाना पड़ता है। यहां एमआरओ बनने से हवाई जहाजों को काफी सहूलियत होगी। इससे जहां हजारों लीटर फ्यूल और समय की बचत होगी।

### 40 जिलों के लोगों को लाभ

नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट बनने से दिल्ली-एनसीआर के अलावा यूपी के करीब 40 जिलों के लोगों को इसका फायदा होगा। एयरपोर्ट बनने के बाद रोड, रेल, मेट्रो व हाईस्पीड ट्रेन से दिल्ली-एनसीआर और यूपी के आसपास के जिलों को जोड़ा जाएगा। इससे लोग आसानी से एयरपोर्ट आकर हवाई जहाज की यात्रा कर सकेंगे। फिलहाल लोगों को दिल्ली के पालम एयरपोर्ट जाना पड़ता है।

### सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार

**एनबीटी लखनऊ:** राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं केंद्र सरकार के सहयोग से करीब 20 वर्ष पुराने जेवर एयरपोर्ट के प्रॉजेक्ट को विगत 2 वर्षों में धरातल पर उतारने की दिशा में सफलता प्राप्त हुई है। केंद्र सरकार की तरफ से इस प्रॉजेक्ट के संबंध में त्वरित निर्णय लिया गया। सीएम ने केंद्र के इस सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। भारत में पहली बार बिडिंग के माध्यम से पीपीपी मोड पर ग्रीनफील्ड इंटरनैशनल एयरपोर्ट बनाने के लिए ज्यूरिख कंपनी का चयन होने और बिडिंग प्रक्रिया सफल होने पर मुख्यमंत्री ने बधाई दी है।

## फाइनैंशल बिड खुली, स्विस कंपनी ज्यूरिख ने मारी बाजी



**एनबीटी न्यूज, ग्रेनो:** नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए सबसे अधिक फाइनैंशल बिड लगाकर स्विटजरलैंड की कंपनी ज्यूरिख ने बाजी मार ली है। ज्यूरिख ने 400.97 रुपये प्रति यात्री बोली लगाई, वहीं अडानी इंटरप्राइजेज की अंतिम बोली 360 रुपये रही। ज्यूरिख इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने अडानी से 40.97 रुपये अधिक बोली लगाकर कॉन्ट्रैक्ट हासिल कर लिया। नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के नोडल ऑफिसर शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि ज्यूरिख इस एयरपोर्ट के निर्माण से लेकर 40 साल तक इसका संचालन भी करेगी। 2 दिसंबर को प्रॉजेक्ट मानिटरिंग एंड इंप्लिमेंटेशन कमिटी (पीएमआईसी) की बैठक लखनऊ में होगी। टेंडर कमिटी से पास होने के बाद यूपी सरकार के पास भेज दिया जाएगा। यूपी सरकार इसे कैबिनेट की मंजूरी से पास करेगी। इसके बाद जनवरी 2020 में शिलान्यास होने बाद जेवर एयरपोर्ट का निर्माण शुरू हो जाएगा। जेवर के पास 5 हजार हैक्टेयर जमीन पर 29 हजार 560 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के लिए नियाल ने 30 मई को ग्लोबल टेंडर निकाला था।